# 'नगरीय निकायों में बीजेपी के महापौर और सभापतियों को निलंबित करने की साजिश'

## उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सदन में यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल को घेरा

- राठौड़ ने सदन में उठाया जयपुर ग्रेटर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर के गलत निलंबन का मुद्दा
- उपनेता प्रतिपक्ष ने नगरपालिका संशोधन विधेयक में नये प्रावधान जोड़ने पर कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाए

**जयपुर** (वि.सं.)। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कांग्रेस सरकार पर नगरीय निकायों में बीजेपी के मेयर-सभापतियों को बेवजह निलंबित करने का आरोप लगाते हुए यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को सदन में जमकर घेरा। उन्होंने जयपुर ग्रेटर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर का राज्य सरकार द्वारा निलंबन करने और उसके बाद हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट से सरकार के आदेश खारिज होने की बात भी रखी।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से नगरीय निकायों में भाजपा के मेयर व सभापति यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निशाने पर हैं। अब तक करीब आधा दर्जन सभापति इनके शिकार हुए हैं। इनमें जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर का नाम प्रमुख है। राज्य सरकार ने उन्हें महापौर की कुर्सी से हटाने के लिए तरह-तरह के कानून कायदे तोड़-मरोड़कर लगा दिए, आखिरकार उन्हें हाईकोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली और वह आज भी जयपुर मेयर की कुर्सी पर बैठी है। सरकार की हालत यहां पर 'उल्टे बांस बरेली को' जैसी हो गई।

राठौड़ ने कहा कि जनता अपने पार्षद चुनती है, वह पार्षद वोट के जरिये महापौर और सभापति चुनते हैं, लेकिन यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने प्रतिपक्ष के आधा दर्जन सभापति और कई पार्षदों को चुन-चुनकर निलंबित किया। यह लोकतंत्र का मजाक उडाने जैसा है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा रवैया ऐसा है कि रींगस नगरपालिका के चेयरमैन अशोक कुमार कुमावत के 17 नवंबर 1995 में तीन बच्चे हैं, फिर भी वे जानकारी छिपाकर चेयरमैन बन गए। जब इसकी शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग पर हुई तो जांच उपखंड अधिकारी को दी गई। इस प्रकरण की जांच में 2 मार्च 2022 को प्रमाणित हो गया कि वाकई अशोक कुमावत ने जानकारी छिपाकर चेयरमैन की कुर्सी हासिल की। इसके बाद 9 मार्च को जिला निर्वाचन अधिकारी ने चेयरमैन को हटाने और उसके प्रतिद्वंदी हरीशंकर को विजयी घोषित करने की बात कही। इस फाइल को यूडीएच मंत्री दबा गए। इसके बाद जिला सत्र न्यायाधीश ने भी हरीशंकर को विजयी घोषित करने के आदेश दिये, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस की सरकार ने हरीशंकर को आज तक चेयरमैन का चार्ज नहीं संभलवाया है।

ऐसे में सदन में नगरपालिका संशोधन विधेयक लाकर पुराने एक्ट में नई धाराएं जोड़ने वाली राज्य सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लगना लाजमी है। राठौड़ ने कहा कि निकायों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को डिस्टर्ब करने का काम यूडीएच मंत्री कर रहे हैं। उन्हें नोटिस-चार्जशीट थमाकर जवाब तलब करते हैं, फिर न्यायिक जांच और बर्खास्तगी का खेल चलता है।

## प्रदेश में लगातार तीसरे दिन करोना से मौत

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में सोमवार को लगातार तीसरे दिन करोना संक्रमण से मौत हुई है। इसके चलते अजमेर में एक संक्रमित ने इस बीमारी से दम तोड़ा है। वहीं इस बीच राज्य में 15 नए मरीज पाए गए हैं।

प्रदेश में सोमवार को करोना से अजमेर में एक संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में इस बीमारी से अब तक 9660 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं आज राज्य में 15 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को इनकी संख्या 30 रही थी। इधर आज उदयपुर में 7, जयपुर में 6 और अजमेर में 2 नए संक्रमित मिले हैं। उधर, प्रदेश में सोमवार को केवल एक मरीज ही ठीक हुआ है। राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 130 हो गए हैं। इनमें इनमें उदयपुर में 35, जयपुर में 29, भीलवाड़ा में 19, बीकानेर में 12, राजसमंद में 11, जोधपुर में 7, जालोर व अजमेर में 5-5, अलवर में 3, भरतपुर, हनुमानगढ़, कोटा और गंगानगर में 1-1 मामला है।

## सतीश पूनिया ने खेतों में जाकर फसल खराबा देखा

- विधानसभा में मुद्दा उठाकर कहा, भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की जल्द गिरदावरी कराकर मुआवजा राशि जारी करे सरकार

**जयपुर** । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने विधानसभा में मुद्दा उठाते हुये ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि के कारण प्रदेशभर के किसानों के हुए नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार से तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि, राजस्थान के विभिन्न जिलों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिसमें दौसा, करौली, अलवर, बूंदी, बाड़मेर, सीकर, जोधपुर सहित तमाम जिलों में काफी नुकसान फसलों को हुआ है।

उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से जो खबरें आई उसमें यह बात सामने आई है कि उसमें तीन किसानों को जिंदगी से हाथ धोना पड़ा, बूंदी के पृथ्वीराज बैरवा जो पहले से ही किसान कर्जमाफी नहीं होने परेशान थे और अब ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान के सदमे से सुसाइड कर लिया। दौसा की नर्मदा देवी और झालावाड़ के शंभूलाल धाकड़ की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। जिस तरीके से पूरे राजस्थान में फसलों को नुकसान हुआ है। जिसका आंकलन तो राज्य सरकार करेगी, राज रूठ जाए तो इससे बड़ा दंश नहीं होता, गिरदावरी की चर्चा होती है लेकिन गिरदावरी में देरी भी होती है। मुआवजा पिछली फसल तक का आगे तक मिलता नहीं है, ऐसे हालात कांग्रेस शासन में बने हुए हैं। राज्य सरकार से मेरा विनम्र निवेदन है कि आपदा में जो जनधन का नुकसान हुआ है। बडी संख्या में पशुधन का भी नुकसान हुआ है, इसलिए फसल, पशुधन और मानवधन का जो नुकसान हुआ है उसका राज्य सरकार आंकलन करे और तत्परता से पीड़ित परिवारों को

## संक्षिप्त

### मुदित गुप्ता पुनः अध्यक्ष मनोनीत

**जयपुर** (कासं)। महावर वैश्य



नवयुवक सेवा संस्था जयपुर के अध्यक्ष मुदित गुप्ता को आगामी 3 वर्ष के लिए पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया है। महावर वैश्य सेवा संस्था जयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश कुमार गुप्ता ने वर्ष 2023-26 की नवगठित कार्यकारिणी के शपथग्रहण समारोह में मुदित गुप्ता को नवयुवक संस्था के अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महावर वैश्य महासभा नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल डाटा, विशिष्ट अतिथि मुख्य ट्रस्टी बाबूलाल गुप्ता और महावर वैश्य सेवा संघ अलवर के अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता रहे।

### 'फसल खराबे का मुआवजा जल्द दें'

**जयपुर** (कासं)। बहुजन समाज पार्टी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का मुआवजा पीड़ित किसानों को देने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रही लगातार बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की खेत में पड़ी हुई और खेत में खड़ी फसलें चौपट हो गई हैं। किसानों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, वह अपने भविष्य को लेकर चिंतित, ऐसे में राज्य सरकार से मांग है कि फसल खराबे की शीघ्र गिरदावरी करवाकर उन्हें मुआवजा दें।

### रांका से मिले लैब टेक्नीशियन

**जयपुर** । राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर प्रमुख शासन सचिव कुलदीप रांका से वार्ता की। संघ के प्रदेश संयोजक राम प्रसाद चौधरी और सह संयोजक रविकांत गोयल व राजेश विजय ने बताया कि प्रदेश के लैब टेक्नीशियन ग्रेड-पे वृद्धि, एक हजार रुपये का विशेष वेतन देने, 1320 रुपये प्रतिमाह का मैस भत्ता, 200 रुपये हार्ड ड्यूटी व पदनाम परिवर्तन के लिए लंबे समय मांग कर रहे हैं, ऐसे में राज्य सरकार से मांग है कि हमारी तमाम मांगों पर सकारात्मक निर्णय ले। उनकी इस बात पर कुलदीप रांका ने भी जायज मांगों का जल्द निस्तारण करवाने के लिए आश्वासन दिया।

### नाटक में दिखाई डॉक्टर की कहानी

**जयपुर** । संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आशादर्शन कला संस्था के बैनर तले महेश महावर द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक 'द हॉस्पिटल' के मंचन के साथ ही रवींद्र मंच पर चल रहे छठे दो दिवसीय 'द ग्रेट लुइस ब्रेल फेस्टिवल' का समापन हो गया। आशादर्शन कला संस्था के बैनर तले 30 दिवसीय कार्यशाला में तैयार 'द हॉस्पिटल' नाटक में नवोदित कलाकारों ने भाग लिया । इस नाटक की कहानी डॉक्टर रॉबिन मिश्रा की कहानी है, जिसने मेडिकल फिल्ड में अथाह तरक्की पा ली है। वह अपने पेशेंट की सर्जरी चुटकियों में ऐसे कर देते हैं, कि पेशेंट को दर्द का अहसास ही नहीं होता। डॉ रॉबिन निराशा और ज़िंदगी से हार मान चुके लोगों में फिर से आशा की किरण जगाते हैं, परन्तु एक दिन अचानक डॉ. मिश्रा का बहुत ज़बरदस्त एक्सीडेंट हो जाता है, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी में अटैक आ जाता है।

# जे.डी.ए. ने 200 करोड़ की आठ बीघा बेशकीमती जमीन से हटाया अतिक्रमण

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विद्याधर नगर स्थित मल्होत्रा नगर में कार्रवाई

**जयपुर** (कासं)। जेडीए की प्रवर्तन टीम ने सोमवार सुबह विद्याधर नगर में करीब 8 बीघा सरकारी जमीन का कब्जा लिया। मल्होत्रा नगर में इस बेशकीमती जमीन पर लोगों ने पिछले कई सालों से कब्जा कर रखा था। पिछले महीने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी हुई थी, जिसमें फैसला जेडीए के पक्ष में आया था। कब्जे में ली गई जमीन का बाजार मूल्य करीब 200 करोड़ रुपए से ज्यादा माना जा रहा है।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-2 में स्थित ग्राम बीड़ सरकारी, मल्होत्रा नगर, विद्याधर नगर एईएन ऑफिस से लगते हुई इस सरकारी जमीन का कब्जा लेने की कार्यवाही की गई। खसरा नंबर-170 की करीब 8 बीघा इस जमीन पर 40 साल से ज्यादा समय तक लोगों ने कब्जा कर रखा था। इन अवैध कब्जों को आज हटाने की कार्रवाई करते हुए यहां जेसीबी से कच्चे-पक्के निर्माण को तोड़ा गया। जेडीए की इस जमीन पर 9 मार्बल-ग्रेनाइट के बड़े गोदाम, 7 कबाड़ियों व अन्य के गोदाम, ऑफिस, पशुओं के बाड़े, चाय-नाश्ते की थड़ियां समेत अन्य निर्माण करके व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थी। इसके अलावा करीब 80 टीनशेड-तिरपाल की झुग्गी झोपड़ियां बनाकर अवैध रूप से बस्ती बसा रखी थी। इन सभी से छोटी मीणा और उसके कुछ सहयोगी किराया वसूलते थे। इन सभी को जेडीए ने 10 मार्च को धारा 72 का नोटिस देकर कब्जा खाली करने के लिए कहा था। जेडीए अधिकारियों ने बताया कि इस जमीन का मामला पिछले 30 साल से ज्यादा समय से कोर्ट में लम्बित था। साल 1958 में ये जमीन सेटलमेंट के समय जेडीए के नाम हो गई थी। साल 1997 में इस जमीन पर काबिज छोट राम मीणा ने सरकार पर मुआवजा नहीं देने और जमीन अपने दादा की होने की बात कहकर एडीएम कोर्ट में इस पर दावा पेश किया था। तब से मामला लगातार निचली अदालत से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।

- भूमाफियाओं ने कब्जा करके यह सरकारी जमीन मार्बल और ग्रेनाइट व्यापारियों को किराये पर दे रखी थी
- बीते 30 साल से ज्यादा समय से कोर्ट में चल रहा था मामला




विद्याधर नगर स्थित मल्होत्रा नगर में जेडीए की जमीन पर बनी मार्बल की दुकानें। (फाइल)

# सदन के भीतर तर्क होने चाहिए, मनभेद नहीं : गुलाबचंद कटारिया

**जयपुर** । असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया ने कहा कि देश में ऐसे लोकतंत्र का निर्माण होना चाहिए जिसमें सभी लोगों की सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि प्रभावी एवं सार्थक लोकतंत्र बनाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। सदन जितना अधिक चलेगा, हम जनता की बात उतने ही अच्छे तरीके से रख पाएंगे।

कटारिया सोमवार को राज्य विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में आयोजित "प्रभावी एवं सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधानमंडल की भूमिका" विषयक सेमिनार को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र के प्रति लोगों की अपार निष्ठा रही है। लोकतंत्र को सार्थक बनाने का काम सदन कर सकता है। कटारिया ने कहा कि सदन में तर्क होने चाहिए लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए, अन्यथा लोकतंत्र कमजोर होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पद के दायरे में रहकर असम और राजस्थान की जनता की सेवा करेंगे तथा राजस्थान के मान-सम्मान को बरकरार रखेंगे। कटारिया द्वारा असम के राज्यपाल पद का दायित्व ग्रहण करने पर सोमवार को विधानसभा में उनका अभिनन्दन किया गया। वहीं, कार्यक्रम में वर्ष 2022 के लिए शिव विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमीन खां एवं वर्ष 2023 के लिए अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से विधायक अनिता भदेल को सर्वश्रेष्ठ विधायक के तौर पर पुरस्कृत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों पक्षों को अपनी भूमिका का निर्वहन प्रभावशाली ढंग से करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सदन में वाद-विवाद की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। सरकार को इस प्रकार नीति निर्धारण करना चाहिए कि जन आकांक्षाएं पूरी हो सकें।

- असम के गर्वनर कटारिया के साथ-साथ राजस्थान के विधायक अमीन खां और अनीता भदेल का सम्मान




असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का राजस्थान विधानसभा में सोमवार को अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने स्वागत किया।

## फसल खराबे से किसान मायूस



बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल का 90 प्रतिशत से अधिक खराबा हो गया है। फिर चाहे फूलों की खेती हो या गेहूं-जौ की फसल, या फिर मटर व चने की खेती, लगभग बर्बाद हो चुकी है। सोमवार दोपहर को बारिश के साथ इतने ओले गिरे कि दूसरे दिन सोमवार दोपहर तक खेतों में चने से मोटे आकार के ओले मौजूद रहे। सीकर रोड सिथत राजारामपुरा के लगभग सभी खेतो में यही हाल है। फ़ोटो दिनेश भारद्वाज

## ठाकुर लोकेन्द्र सिंह कालवी को श्रद्धांजलि

**जयपुर** । ठाकुर लोकेन्द्र सिंह कालवी के सम्मान में श्री भवानी निकेतन में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा में भारी संख्या में सर्वसमाज के लोगों एवं शिक्षा समिति के पदाधिकारियों, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने संरक्षक सदस्य एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा स्वर्गीय कालवी को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें ख्यातनाम संगीतज्ञ धनश्याम सिंह जादौन, गरिमा कुमावत ने भाग लिया तथा पण्डित राधेश्याम जी सिखवाल ने श्रीमद् भगवत गीता का उद्धरण देते हुए बताया कि आत्मा अजर-अमर है, जिसे ना हथियार काट सकता ना आग जला सकती है और ना ही जल बहा सकता है। शिक्षा समिति के संरक्षक जालिम सिंह आसपुरा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय कालवी साहब द्वारा समाज एवं संस्था के लिए किये गये कार्यों को सदैव याद किया जायेगा। राजसमन्द लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ जन आयोग के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) गोपाल सिंह शेखावत ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्गीय लोकेन्द्र सिंह कालवी के परिवार से मेरे आत्मिक संबंध रहे तथा अनारक्षितों को आरक्षित एवं आरक्षितों को संरक्षित करने की सामाजिक न्याय मंच की उनकी मुहिम को भुलाया नहीं जा सकता। सम्पत सिंह धमोरा ने स्वर्गीय कालवी के समाज के वंचित वर्ग के हितों की रक्षार्थ उठाये गये मुद्दों एवं पूरे के पूरे प्रदेश में सामाजिक न्याय मंच के माध्यम से किये गये आन्दोलन ने वंचित वर्ग को लाखों की संख्या में एकत्रित होकर अपनी मांगें रखने का अवसर प्रदान किया। इसको प्रदेश का आरक्षण से वंचित वर्ग हमेशा याद रखेगा। शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष नगेन्द्र सिंह बगड़ ने श्रद्धांजलि सभा में पधारे हुए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा करणी सेना के गठन को स्मरण किया तथा कहा कि शिक्षा समिति में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।



श्री भवानी निकेतन कॉलेज में सर्व समाज के लोगों ने सोमवार को ठाकुर लोकेन्द्र सिंह कालवी का श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# फसल खराबे के मुद्दे पर भाजपा ने किया सदन से वाकआउट

## उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ बोले, ''गिरदावरी में जानबूझकर कम नुकसान दिखाया''

- आपदा राहत मंत्री गोविंद मेघवाल बोले, ''गलत आरोप लगा रहे हैं राजेन्द्र राठौड़, किसी कलेक्टर को यह नहीं कहा कि खराबा कम करके दिखाना है''
- 'विशेष पैकेज के लिये कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री से सलाह के बाद ही फैसला हो सकता है'

**जयपुर**, (वि.सं.)। प्रदेश में ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजे का मामला सोमवार को विधानसभा में उठा। बीजेपी विधायकों ने खराबे के आकलन पर सवाल उठाया और आपदा राहत मंत्री गोविंद मेघवाल के जवाब से नाराज विधायकों ने नारेबाजी की और फिर सदन से वॉकआउट कर गए।

सोमवार को फसल मुआवजा और आकलन पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि इस बार किसानों पर चार-चार बार कहर टूटा है। सरकार ने गिरदावरी के नाम पर लीपा-पोती की है। इस बार डिजिटल गिरदावरी का नाम दिया गया, जबकि पटवारी और राजस्व विभाग के कर्मचारी फील्ड में गए ही नहीं। बिना फील्ड में गए ही गिरदावरी कर दी गई।

सरकार ने गिरदावरी के वक्त कलेक्टरों को यह भी कहा कि 33 फीसदी से ज्यादा खराबा नहीं दिखाना है। फसल बीमा का फायदा लेने के लिए किसान को कॉल सेंटर पर सूचना देनी होती है, लेकिन वहां कोई फोन ही नहीं उठाता। 16 से 18 मार्च को अंधड़, तूफान और बारिश से फसलें बर्बाद हो गईं।

राठौड़ ने कहा कि जनवरी में हुए स्पेशल गिरदावरी के बाद खराबे का एक पैसा तक नहीं दिया। सरकार पूरी गिरदावरी करवाएं और किसानों को हुए नुकसान पर 15 दिन में सहायता दी जाए। इसके बाद भाजपा सदस्यों ने सदन में नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि सरकार के वक्तव्य का हम और हमरा दल घोर विरोध करते हैं और वाक आउट करते हैं।

इस पर आपदा राहत मंत्री गोविंद मेघवाल ने कहा कि उपनेता प्रतिपक्ष ने सदन में गलत दावा किया है। किसी भी कलेक्टर को यह नहीं कहा गया कि खराबा कम करके दिखाना है। गिरदावरी की रिपोर्ट के आधार पर किसानों को जल्द इनपुट सब्सिडी के रूप में सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

इससे पहले आपदा राहत मंत्री ने वक्तव्य देते हुए कहा कि प्रदेश में आम तौर पर 103 लाख हेक्टेयर में रबी की फसल की बुवाई होती है। इस बार 109.55 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई। जनवरी में शीतलहर से फसल खराबे की गिरदावरी करवाई गई। शीतलहर से 10 जिलों में 33 फीसदी खराबा हुआ, जिनमें दौसा, गंगानगर, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, नागौर, अलवर, भरतपुर सहित 10 जिले हैं। इनमें 61 तहसील के 5038 गांवों में 20 लाख 85 हजार 317 किसान प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि से फसल खराबे में कोटा और उदयपुर के 18 हजार से ज्यादा किसान प्रभावित हुए हैं। 19 जिलों में कोई खराबा नहीं हुआ। 5 और 6 मार्च को हुई ओलावृष्टि की गिरदावरी करवाई है। कोटा जिले में 6 तहसील के 69 गांवों में 8293 किसान प्रभावित हुए हैं। फसलों की गिरदावरी के अनुसार 8293 किसान प्रभावित हुए हैं।

स्पीकर सीपी जोशी ने कहा कि बारिश, ओलावृष्टि से फसल खराब हुई है। अब भी बारिश हो रही है। क्या किसानों को कोई स्पेशल पैकेज या सहायता दी जा सकती है, इस पर सरकार विचार करें।

इस पर आपदा राहत मंत्री गोविंद मेघवाल ने कहा कि स्पेशल पैकेज का फैसला सीएम से सलाह के बाद कैबिनेट की बैठक में ही हो सकता है। गिरदावरी के बाद प्रभावित किसानों को जल्द सहायता दी जाएगी।

## सार-समाचार

### आंगनबाडी बच्चों को पाठ्यसामग्री बांटी




**जयपुर** । ए.आर.वेलफेयर फाउंडेशन गत 10 वर्षो से जयपुर व राज्य के अन्य जिलों में राजकीय स्कूलों के छत्रों को स्कूल बगे, ड्रेस के स्वेटर, स्टेशनरी व अन्य सामग्री नि शुल्क वितरित कर रहे है। ट्रस्ट द्वारा कोरोना के दौरान भी कच्ची बस्तियों के गरीब परिवारों को बडे पैमाने पर खाद्य पदार्थ वितरित किये गये। अब आंगनवाडियों में आ रहे गरीब बच्चों को टी -शर्ट नेकर, साबुन बिस्किट व प्लेबुक्स नि शुल्क वितरित करने का कार्यक्रम हाथ में लिया गया है। ट्रस्ट को सामग्री वितरित की गयी जिसके लिये गांधी मूर्ति के निकट सूरजपोल गेट के भीतर कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में कैलाश चन्द मीणा वरिष्ठ आर.ए एस मुख्य अतिथि व सुनील प्रसाद शर्माआर पी एस बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मलित हुए और ट्रस्ट के बच्चों को निःशुल्क सामग्री वितरित की। ट्रस्ट अध्यक्ष पूर्व आईएएस ए आर खान, समाजसेवी सरदार कंवलजीत सिंह, हाजरी समीद्दीन जमील खान, वसीम परवेज व मोहसिन भी शामिल हुए।

### शाहरुख बने राजस्थान कैरम के चैंपियन

**जयपुर** (कासं)। अजमेर में राजस्थान कैरम एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में टोंक के शाहरुख खान राजस्थान कैरम के नए चैंपियन बन गए हैं। देर रात तक चले कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में टोंक के शाहरुख खान ने पुरुष स्पर्धा के फाइनल मैच में जयपुर के शोएब को 24-19, 18-25, 25-16 से हरा दिया। यह जानकारी देते हुए राजस्थान कैरम संघ के अध्यक्ष सूरज खत्री ने बताया कि टीम इवेंट की चैंपियनशिप जयपुर जिले ने टोंक जिले को 2-1 के स्कोर से हराकर जीत ली। इससे पूर्व क्वार्टर फाइनल तथा सेमी फाइनल पुरुष चैंपियनशिप के मैच खेले गए जिसमें जयपुर के शोएब ने जयपुर के फजल अहमद को 25-21, 18-25, 25-17 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में टोंक के शाहरुख ने टोंक के ही अंसार को 25-14, 25-16 से हराया। तीसरे और चौथे स्थान के लिए पुरुष स्पर्धा मैच में विगत बार के चैंपियन फजल अहमद ने टोंक के अंसार को 25-21 तथा 25-18 के स्कोर से हराया मुख्य अतिथि अजमेर डेयरी के चेयरमैन रामचंद्र चौधरी और कैरम संघ के अध्यक्ष सूरज खत्री ने विजेताओं को ट्रॉफी तथा सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया।

### माथुर सभा की ओर से होली मिलन

**जयपुर** । माथुर सभा, जयपुर की ओर से कल देर रात शहर के अजमेर रोड, कमला नेहरू नगर स्थित होटल जैपुर सैफरन मे होली मिलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। सभा अध्यक्ष, मेजर जनरल अनुज माथुर, महासचिव डॉ. आदित्य नाग और हेमेन्द्र माथुर ने बताया कि समारोह में कराओके और साज़ संगीत के साथ एक सुरीली शाम आयोजित की गई। उपस्थित लोगों में अमृत कलश, आईपीएस, एजीडी; अतुल माथुर, पूर्व डीजी नागालैंड सीआरपीएफ; संजय माथुर, माथुर वेलफेयर एसोसिएशन वीपी गाजियाबाद शमिल थे। कार्यक्रम में सामुदायिक भोज के साथ माथुर परिवार की 80 साल से अधिक उम्रदराज़ वरिष्ठ महिलाओ का सम्मान और हाल ही में सम्पन्न हुए माथुर सभा द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच की टीम को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी वितरण की गई।